बिग मैक्स

दुनिया का सबसे महान जासूस



किन प्लैट

चित्र: रॉबर्ट लोपशायर



बिग

मैक्स

बिग मैक्स

दुनिया का सबसे महान जासूस



किन प्लैट

चित्र: रॉबर्ट लोपशायर





बिग मैक्स - दुनिया का सबसे महान जासूस था.

यह बात हर कोई जानता था.

"जल्दी आओ," राजा चिल्लाए.

"किसी ने जंबो - मेरा इनामी हाथी चुरा लिया है."



पूका-पूका के राजा को यह पता था.

उन्होंने बिग मैक्स को फोन करके बुलाया.



"चिंता न करें," बिग मैक्स ने कहा.

"मैं जल्दी आऊंगा.

और मैं आपके हाथी को ढूँढ़ निकालूँगा."



"क्या तुम हवाई-जहाज़ या फिर नाव से आओगे?"

राजा ने पूछा.

"अपने छाते से," बिग मैक्स ने कहा.

फिर बिग मैक्स ने गहरी साँस ली.

और अपने छाते में फूंक मारी.

छाता हवा से भर गया.

बिग मैक्स आसमान में उड़ गया.



रास्ते में उसे कुछ पक्षी मिले.

"हम सर्दियां आने से पहले दक्षिण की ओर उड़ रहे हैं,“

पक्षियों ने कहा.

"तुम यहाँ आकाश में क्या कर रहे हो?"

पक्षियों ने पूछा.

"मैं एक खोए हुए हाथी की तलाश कर रहा हूँ,"

बिग मैक्स ने कहा.


"तुम उसे यहाँ नहीं पाओगे," पक्षियों में से एक ने कहा.

"लेकिन बेझिझक इधर-उधर ज़रूर देखो."

"धन्यवाद," बिग मैक्स ने कहा.







वे एक जहाज के ऊपर से उड़े.

"मुझे कुछ जलने की गंध आ रही है," बिग मैक्स ने कहा.

"क्षमा करें, हम आपकी उसमें कोई मदद नहीं कर पाएंगे.

क्योंकि, पक्षी गंध नहीं सूंघ सकते," पक्षियों ने कहा.

बिग मैक्स जहाज के नीचे उड़ा.

उसने कप्तान से बात की.

"माफ करें," बिग मैक्स ने कप्तान से कहा.


"मुझे कुछ जलने की गंध आ रही है."

कैप्टन हँसा.

"हा, हा," उसने कहा.

"देखो, वो चिमनी से निकलते धुएं की गंध है."





"नहीं वो धुआं आपकी जेब से निकल रहा है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मेरा पाइप!" कैप्टन चिल्लाया.

कैप्टन ने तुरंत जलते पाइप को

अपनी जेब से बाहर निकाला.

"मैं भूल गया कि मेरा पाइप अभी भी जल रहा था.

तुम वाकई में एक महान जासूस हो."

"मैं एक अच्छा जासूस बनने की कोशिश करता हूँ,“

बिग मैक्स ने कहा.



फिर बिग मैक्स उड़ गया.

तभी बारिश शुरू हुई.

"यह एक अच्छी बात है कि मैं

छाते से यात्रा करता हूँ," बिग मैक्स ने कहा.





पूका-पूका के पास पहुंचने के बाद

बिग मैक्स नीचे उतरा.

वहां राजा उसका इंतज़ार कर रहा था.

"यह यात्रा करने का कितना शानदार तरीका है,"

राजा ने कहा.

"इसी की बदौलत मैं यहाँ पहुँचा हूँ,"

बिग मैक्स ने कहा.



राजा, बिग मैक्स को अपने महल में ले गया.

"अगर तुम जंबो को ढूँढ़ लोगे

तो मैं तुम्हें अपनी सब धन-दौलत दे दूँगा," राजा ने कहा.

"मैं आपके हाथी को ज़रूर ढूँढ़ लूँगा," बिग मैक्स ने कहा.

राजा ने बिग मैक्स को माणिकों

से भरा एक कमरा दिखाया.

उसने बिग मैक्स को पन्नों

से भरा एक कमरा दिखाया.


उसने उसे सोने से भरा एक कमरा दिखाया.

"क्या तुम्हारी फीस बहुत ज़्यादा है?"

राजा ने पूछा.

"इतनी ज़्यादा भी नहीं,"

बिग मैक्स ने कहा.



"आपके जंबो को कौन चुराना चाहेगा?"

बिग मैक्स ने पूछा.

"हर कोई," राजा ने कहा,

"क्योंकि जंबो दुनिया का सबसे अच्छा हाथी है."

"जंबो की उम्र कितनी है?"

"वह कल चार साल का हो जाएगा,"

राजा ने कहा.

"आह!" बिग मैक्स ने कहा.

"क्या यह कोई सुराग है?" राजा ने पूछा.

"हम देखेंगे," बिग मैक्स ने कहा.

"क्या जंबो यहाँ पर खुश था?"

बिग मैक्स ने पूछा.



"वह यहां बहुत खुश था," राजा ने कहा.

"एक हफ़्ते पहले तक."

"फिर क्या हुआ?"

बिग मैक्स ने पूछा.

"फिर जंबो उदास हो गया," राजा ने कहा.

"जब से वो मेरे पास आया,


तब से वह पहली बार उदास हुआ,"


राजा ने कहा.

"आप उसे कब लाए?"

बिग मैक्स ने पूछा.

"लगभग एक साल पहले," राजा ने कहा.





"मुझे वहाँ ले चलें जहाँ आपने आखिरी बार

जंबो को देखा था," बिग मैक्स ने कहा.

राजा उसे बाहर ले गया.

उन्होंने गेट पर लगा एक ताला खोला.

"यहाँ पर," राजा ने कहा. "इस आँगन में."



बिग मैक्स ने चारों ओर देखा.

उसने ऊँची दीवारों की ओर देखा.

"हाथी दीवारों पर नहीं चढ़ सकते,"

बिग मैक्स ने कहा.

बिग मैक्स ने गेट की तरफ देखा.

"क्या गेट बंद था?" उसने पूछा.


"हाँ," राजा ने कहा.

"और मेरे पास ही उसकी एकमात्र चाबी थी."

"हम्म," बिग मैक्स ने कहा.

"हाथी, ताला नहीं खोल सकता."





बिग मैक्स ने ज़मीन की तरफ देखा.

"जंबो चोरी नहीं हुआ!" उसने कहा.

"तुम्हें यह कैसे पता?" राजा ने पूछा.

"जंबो के अलावा वहां किसी और के पैरों के निशान नहीं हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"तो वह बाहर कैसे गया होगा?" राजा ने पूछा.

"हम देखेंगे," बिग मैक्स ने कहा.

"मुझे एक सुराग दिख रहा है," बिग मैक्स ने कहा.

"ज़मीन गीली है. क्या बारिश हुई थी?"

"पूका-पूका में हमेशा ही बारिश होती है," राजा ने कहा.

"शायद तुम इतने अच्छे जासूस नहीं हो."

"हम देखेंगे," बिग मैक्स ने कहा.



बिग मैक्स ने नीचे देखा.

वह ज़मीन पर बैठा था.

"यहां बर्फ बहुत तेज़ी से पिघलती है,"

बिग मैक्स ने कहा.

बहुत गर्मी थी.

बिग मैक्स सोचने के लिए बैठ गया.

"कितना बढ़िया आईडिया है," उसने कहा.

"गर्म दिनों में बैठने के लिए बर्फ की कुर्सी."

"जंबो को भी बर्फ पर बैठना पसंद था," राजा ने कहा.

"इसलिए मैं यहाँ हमेशा बहुत सारी बर्फ

की सिल्लियें रखवाता था."

"लेकिन मुझे बहुत बर्फ नहीं दिख रही है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"यहाँ सिर्फ़ कुछ छोटे-छोटे टुकड़े ही हैं."



"दीवार के दूसरी तरफ क्या है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"वहां एक ऊँची पहाड़ी है," राजा ने कहा.

"हा!" बिग मैक्स ने कहा.

"अब मुझे पता है कि जंबो ने कैसे पलायन किया होगा.

हमें दीवार के बाहर देखना चाहिए," बिग मैक्स ने कहा.


"जल्दी करें!"





वे दीवार के बाहर जल्दी से गए.

वे पहाड़ी से नीचे जल्दी से उतरे.



"हा!" बिग मैक्स ने कहा.

"मैं सही था. ज़रा देखें, यहां कुछ निशान हैं."

"तुम सही हो," राजा ने कहा.

"ये जंबो के पैरों के निशान हो सकते हैं,"

बिग मैक्स ने कहा.

"हमें उसके पदचिन्हों का अनुसरण करना चाहिए."

वे पदचिन्हों का अनुसरण करते रहे.

"अगर हमें पता चल जाए कि जंबो कहाँ गया है,"

बिग मैक्स ने कहा,

"तो हमको यह भी पता चलेगा कि वह क्यों गया था."

"मैं समझ गया," राजा ने कहा.



"हा!" बिग मैक्स ने कहा.

“एक और सुराग देखें.


मुझे कुछ आँसू दिखाई दे रहे हैं."

राजा ने सुराग देखा.

"मुझे नहीं पता कि जंबो इतना दुखी क्यों था,"

राजा ने कहा.

"हम देखेंगे," बिग मैक्स ने कहा.



"अगर हम जान गए कि जंबो क्यों गया,"

बिग मैक्स ने कहा, "तो हम यह भी जान

पाएँगे कि वह कहाँ गया होगा."

"मैं समझ गया," राजा ने कहा.


"तुम एक महान जासूस हो."

"देखना और सोचना," बिग मैक्स ने कहा.

"यही तरीका है किसी समस्या को सुलझाने का."

उन्होंने पदचिन्हों का अनुसरण किया.

उन्होंने आँसुओं का भी अनुसरण किया.





वे पूरी रात चले.

वे अगले दिन भी चले.

निशान ऊपर की ओर जा रहा था.

वे उसका अनुसरण करते रहे.

अचानक बिग मैक्स रुक गया.



"रुको," बिग मैक्स ने कहा.

"कुछ गड़बड़ है.

हम गलत रास्ते पर चल रहे हैं.

जल्दी करो!" वे पहाड़ी से नीचे उतरे.

वे जल्दी से चले.

फिर उन्होंने एक तेज़ आवाज़ सुनी.

"आआआआह!"

"वह क्या था?" राजा ने पूछा.

"ठीक है," बिग मैक्स ने कहा.

"ज़रा सोचें, वह हाथी नहीं था.

हाथियों की आवाज़ ऐसी नहीं होती.

वे आआआआह! नहीं कहते!"



बिग मैक्स ने कहा, "जैसा मैंने सोचा था.

वे हाथी के आंसू भी नहीं थे.

वे मगरमच्छ के आंसू थे.

मगरमच्छ के आंसू,

हाथी के आंसू से बड़े होते हैं."

"ज़रा सोचते हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"इस रास्ते पर लंबे तीखे सफेद दांत हैं.

उसकी जीभ लंबी लाल है.


उसके हाथी के आंसू नहीं

बल्कि मगरमच्छ के आंसू हैं.

तो निश्चित रूप से

वो एक मगरमच्छ ही होगा."





बिग मैक्स ने पलटकर कहा.

"मैं सही था. वो मगरमच्छ निकला,"

बिग मैक्स ने कहा. "आप खुद ही देख लें."

"मैं तुम्हारी बात पर यकीन करता हूं,"

राजा ने कहा.

"यह अच्छी बात है कि मैं छाता लेकर आया था."

बिग मैक्स ने कहा.

"अब वह मुझे काट नहीं सकता."



बिग मैक्स ने मगरमच्छ को पानी में धकेल दिया.

फिर उसने अपना छाता निकाला.

"तुमने उस गलत सुराग से

मुझे लगभग बेवकूफ बना दिया था,"

उसने मगरमच्छ से कहा.

"मुझे बहुत खेद है," मगरमच्छ ने कहा.

और तुरंत उसकी आंख से एक बड़ा आंसू टपक पड़ा.

"देखो, वह रो रहा है," राजा ने कहा.

“इसका मतलब है कि मगरमच्छ खेद व्यक्त कर रहा है."

"बिल्कुल नहीं, मगरमच्छ के आँसू

किसी को भी मूर्ख बना सकते हैं,“ बिग मैक्स ने कहा.

"वह इसलिए रो रहा है क्योंकि हम

उसका रात का भोजन नहीं बने."

"मुझे उसकी याद मत दिलाओ," मगरमच्छ ने कहा.

उसके बाद वह कुछ और रोया.



बिग मैक्स और राजा सही

रास्ते पर वापस चले गए.

वे जंगल से होकर चले.

उन्होंने बहुत शोर सुना.

शोर और तेज़ होता गया.

ज़मीन हिलने लगी.

पेड़ हिलने लगे.

बिग मैक्स

और पूका-पूका का राजा भी पूरी तरह हिल गए.

"हमें कहीं छिपना चाहिए," राजा ने कहा.

"यह एक भयानक भूकंप है."

"नहीं," बिग मैक्स ने कहा.

"वह को भूकंप नहीं है. वो एक पार्टी है."

"एक पार्टी?" राजा ने पूछा.

"हाथियों की पार्टी," बिग मैक्स ने कहा.

उसने पेड़ों के बीच से इशारा किया.


"देखें," बिग मैक्स ने कहा.


वहाँ पर बहुत सारे हाथी थे.

सभी हाथी नाच रहे थे.

वे इतनी जोर से नाच रहे थे

कि ज़मीन हिल रही थी.





"यह जंबो के जन्मदिन की पार्टी है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"वो जन्मदिन की पार्टी के लिए वहां गया था.

अपना जन्मदिन अपने परिवार के साथ बिताने के लिए."

राजा दौड़कर जंबो के पास गया.

"जन्मदिन मुबारक हो जंबो," राजा ने कहा.

"आपने मुझे कैसे ढूँढ़ा?" जंबो ने पूछा.

"यह सवाल बिग मैक्स से पूछो," राजा ने कहा.

"देखो उसमें जंबो भी है," राजा ने कहा.

"मैं उसे देख सकता हूँ. वह भी नाच रहा है."

बिग मैक्स मुस्कुराया.

"चलो, एक और मामला सुलझ गया," उसने कहा.



"हमने तुम्हारा पीछा किया ताकि पता लगा सकें

कि तुम कहाँ गए थे और क्यों गए थे,"

बिग मैक्स ने कहा.

"मैं अभी भी यह जानना चाहता हूँ

कि वो वहां से कैसे बाहर निकला," राजा ने कहा.





"वहां पर बर्फ की सिल्लियां थीं," बिग मैक्स ने कहा.


"जंबो ने बर्फ की सिल्लियों को एक के ऊपर एक रखा.

उसने बर्फ की सिल्लियों की सीढ़ी बनाई.

उसने पहले तो मुझे बेवकूफ़ बनाया,

क्योंकि वहाँ कोई सीढ़ियाँ नहीं दिख रही थीं.

वहां केवल कुछ पिघलती हुई बर्फ थी."



"अब मुझे पता है कि तुम कैसे गए थे.

अब मुझे पता है कि तुम कहाँ गए थे.

अब मुझे पता है कि तुम क्यों गए थे," राजा ने कहा.

"पर मुझे यह नहीं पता था कि

जन्मदिन की पार्टी इतनी महत्वपूर्ण होती है."

"हाथियों के लिए जन्मदिन की पार्टी बेहद

महत्वपूर्ण होती है," बिग मैक्स ने कहा.

"हाथी एक साथ रहना पसंद करते है,

खासकर जन्मदिन पर."

"जंबो बर्फ की सीढ़ियों पर चढ़ा.

फिर वह दीवार के पार चला गया.

दीवार के पीछे एक ऊँची पहाड़ी थी.

वह पहाड़ी से नीचे उतरा."

"हाँ," जंबो ने कहा. "मैंने ऐसा ही किया."



"मुझे खेद है कि मुझे यह नहीं पता था,"

पूका-पूका के राजा ने कहा.


"अगले साल मैं तुम्हारे पूरे परिवार को

महल में जन्मदिन की पार्टी में आमंत्रित करूँगा.

इस तरह हम सब एक साथ जन्मदिन

का जश्न मना पाएंगे."





"तुम बहुत बढ़िया जासूस हो,"

राजा ने बिग मैक्स से कहा.

"जंबो को खोजने के इनाम के तौर पर

तुम मेरे खजाने में से कुछ भी ले सकते हो."

"अगर तुम्हें कोई आपत्ति न हो," बिग मैक्स ने कहा,

"मैं जंबो के जन्मदिन के केक का

एक टुकड़ा लेना पसंद करूंगा."

"मुझे उसमें कोई आपत्ति नहीं है," राजा ने कहा.

जंबो ने बिग मैक्स और राजा को केक के टुकड़े दिए.

"वाह, कितना बढ़िया केक है," राजा ने कहा.

फिर उसने एक और टुकड़ा खाया.

और फिर एक और.

"ज्यादा मत खाओ," जंबो ने कहा.

"नहीं तो मैं आपको वापस पूका-पूका


नहीं ले जा पाऊंगा."

फिर राजा ने केक खाना बंद कर दिया.

"जन्मदिन मुबारक हो, जंबो," राजा ने कहा.

"जन्मदिन मुबारक हो, जंबो,"

जंबो के परिवार ने कहा.





समाप्त

"जन्मदिन मुबारक हो, जंबो,"

बिग मैक्स ने कहा.

फिर उसने एक गहरी साँस ली.

उसने अपनी छतरी में फूंक मारी.

"और अलविदा," बिग मैक्स,

दुनिया का सबसे महान जासूस ने कहा.